पंजाब केसरी
MON,10 JUNE 2024
EDITION: KARNAL KESARI, PAGE NO. 1

बाबा फतेह सिंह राजकीय महाविद्यालय असंध का बाहरी दृश्य।

कॉलेज में दाखिले के लिए विद्यार्थी 25 तक करें आवेदन : डॉ. संदीप

असंध, 9 जून (स.ह.): नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थी बाबा फतेह सिंह राजकीय महाविद्यालय असंध में सत्र 2024-2025 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिला लेना चाहते हैं वे छात्र उच्चतर शिक्षा विभाग की वैबसाइट पर जा कर 25 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

कॉलेज के लोक संपर्क अधिकारी डॉ. संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबा फतेह सिंह राजकीय महाविद्यालय असंध में कला संकाय में 240 सीट, बी.कॉम. में 80 सीट तथा में 30 सीट हैं, छात्र महाविद्यालय की वैबसाइट पर जाकर दाखिले से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी ले सकते हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रथम तथा द्वितीय मैरिट सूची 2 से 15 जुलाई तक जारी होगी।

मैरिट सूची की जानकारी आवेदन फार्म में दिए गए मोबाइल पर एस.एम.एस. के माध्यम से दी जाएगी, इसके बाद निर्धारित तिथि तक कॉलेज में आकर फीस भुगतान करना होगा।

आवेदन के दौरान विद्यार्थी निम्नलिखित दस्तावेज 10वीं का प्रमाण पत्र, 12वीं का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार नंबर, हरियाणा परिवार पहचान पत्र, मोबाइल नंबर, बैंक खाता नंबर, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो आदि के साथ दाखिला प्रक्रिया में भाग ले सकें।